उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7
UJALASPEEDNEWS
24x7 हर खबर पर तेज नजर

देश

कादीपुर में प्रधानाध्यापक और पत्नी की हत्या, स्कूल परिसर में मिले शव।



संवाददाता इंद्रेश कुमार मिश्रा कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के कुंभी डड़िया गांव में सोमवार देर रात प्रधानाध्यापक मुकेश सिंह (45) और उनकी पत्नी विनीता सिंह (43) की हत्या से सनसनी फैल गई।मंगलवार सुबह दोनों के शव उनके निजी विद्यालय परिसर में खून से लथपथ मिले।सुबह करीब सात बजे स्कूल की चाबी लेने पहुंचे चालक ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी।मौके से फावड़ा,कुल्हाड़ी और चाकू बरामद होने की जानकारी है।सूचना मिलते ही एस पी विनीत जायसवाल और सीओ कादीपुर विनय गौतम पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।प्रारंभिक जांच में आशंका है कि पहले विनीता की विद्यालय के कमरे में हत्या की गई। इसके बाद जान बचाकर करीब 150 मीटर दूर भागे मुकेश को भी हमलावरों ने घेर लिया और हत्या कर दी।मुकेश सिंह कंपोजिट विद्यालय खुनहट में प्रधानाध्यापक और प्राथमिक शिक्षक संघ,मोतीगरपुर के अध्यक्ष बताए जाते हैं।वह शिक्षक संघ का चुनाव भी लड़ रहे थे। 30 सितंबर को प्रस्तावित चुनाव 28 सितंबर को टाल दिया गया था।हालांकि पुलिस ने हत्या को चुनाव से जोड़कर अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।दंपती की हत्या की वजह और वारदात में शामिल आरोपियों का अभी पता नहीं चला है।पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाकर जांच तेज कर दी है।

एक नज़र में

जवां में राकेश की संदिग्ध मौत, हत्या का आरोप, दंपति हिरासत में।
POCSO अधिनियम 2012 के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरूक।

पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

जवां में राकेश की संदिग्ध मौत, हत्या का आरोप, दंपति हिरासत में।



संवाददाता हर्ष राठी जवां क्षेत्र के गांव सिया खास में एक युवक राकेश पुत्र महेंद्र सिंह 42 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई युवक का शव अपने घर के बरामदे में छत से लटका हुआ मिला पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, ग्रामीणों ने मृतक के घर से इगलास निवासी एक महिला व पुरुष को भागते हुए पकड़ कर पुलिस को सौपा है।

देश

POCSO अधिनियम 2012 के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरूक।



संवाददाता हरिपाल सिंह मथुरा :- रिफाइनरी / जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय, मथुरा द्वारा आज दिनांक 29 सितंबर 2026 को दिल्ली पब्लिक स्कूल, मथुरा रिफाइनरी में विद्यार्थियों को 'POCSO अधिनियम, 2012' के प्रावधानों एवं उसके विधिक परिणामों के संबंध में जागरूक करने हेतु एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री विकास कुमार जी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अनुराग शर्मा जी, श्रीमती अनीता सिंह, सिविल जज एवं वरिष्ठ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (DLSA) तथा श्री राधवेंद्र सिंह जी, DIOS मथुरा की गरिमामयी उपस्थिति रही।विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सलेन्दर सिंह ग्रेवाल जी ने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं पटका पहनाकर हार्दिक स्वागत किया।